>

Title: Need to shift the Veerawada Railway Station to Gambhoi in Sabarkantha Parliamentary Constituency, Gujarat.

श्री महेन्द्रसिंह पी. चौहाण (साबरकांठा): मेरा संसदीय क्षेत्र साबरकांठा (गुजरात) बहुत ही पिछड़ा क्षेत्र है। इस क्षेत्र से गुजरने वाली अहमदाबाद, उदयपुर, नोर्थ वैस्टन रेलवे लाइन में आमान परिवर्तन का काम स्वीकृत हो चुका है और इसके लिए सर्वे का काम शुरू हुआ है। इस रेलवे प्रखंड पर कई ऐसे स्टेशन है जिन पर लोग कई कारणों से उतरते एवं चढ़ते नहीं है। जिसके कारण रेलवे को लाभ नहीं हो रहा है। अहमदाबाद-उदयपुर रेलवे की आय बहुत कम है। घाटे में चल रही है।

मेरा सुझाव है कि इसी लाइन पर हिम्मतनगर से आगे विरावाड़ा स्टेशन है। जहां पर कोई ज्यादा यात्री चढ़ते-उतरते नहीं है। बीच में तो इस स्टेशन को बंद कर दिया गया था। अब जब गेज परिवर्तन हो रहा है, तो विरावाडा स्टेशन को समाप्त करके उसे सिर्फ दो कि.मी. की दूरी पर गांभोई के पास स्टेशन बनाया जाये तो रेलवे को ज्यादा राजस्व मिलेगा। क्योंकि गांभोई 50 से अधिक गांवों का केन्द्र है, व्यापारिक केन्द्र, सरकारी अस्पताल, पुलिस स्टेशन, बैंक, कचहरी का एक बड़ा और अच्छा केन्द्र है। इसलिए अगर गांभोई को रेलवे स्टेशन बनाया जाये तो यह सबके लाभ में रहेगा क्योंकि यह आज एक बड़ा शहर बन चुका है।

मेरा सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि अहमदाबाद-उदयपुर (नार्थ वेस्टर्न रेलवे) प्रखंड पर स्थित विरावाडा स्टेशन को गांभोई के पास शिफ्ट किया जाये। रेलवे को राजस्व में बढ़ोत्तरी होगी और रेल यात्रा को बढ़ावा मिलेगा। यह अहमदाबाद-उदयपुर के बीच स्थित है।